दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, शुक्रवार 2 नवम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### डॉयल 112 की कार्यवाही

रायगढ़। 1 नवम्बर की सुबह 4.05 बजे चक्रधरनगर राइनो-2 को इवेंट मिला कि श्याम मंदिर हटरी के पास अंकित अग्रवाल के घर गोदाम के सामनों में आग लगी है, इवेंट (सूचना) पर ईआरवी चक्रधरनगर राइनो-2 अविलम्ब मौके पर पहुंची, आग को फायर बिग्रेड की सहायता से बुझाया गया। 1 नवम्बर की शाम 16.14 बजे छाल राइनो को इवेंट प्राप्त हुआ कि नवापारा के पास मोटर सायकल का चालक राजेश्वर वैष्णव पिता मोहनदास वैष्णव उम्र 37 वर्ष निवासी बांधापाली व उसकी लड़की ओमनी वैष्णव उम्र 08 वर्ष मोटर सायकल से गिरने पर चोटें आयी हैं, इवेंट पर ईआरवी छाल राइनो घटनास्थल पहुंच कर आहतों को ईआरवी वाहन में बिठाकर सीएचसी छाल में ईलाज के लिये भर्ती कराया गया है।

### बालिका लापता

रायगढ़। 31 अक्टूबर को थाना सरिया में 17 वर्षीय बालिका के लापता हो जाने की रिपोर्ट उसके पिता द्वारा दर्ज कराया गया है, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इसकी लड़की 30 अक्टूबर के सुबह करीब 09.30 बजे स्कूल जाने के लिये निकली है, जो घर नहीं आयी। बालिका की खोजबिन किया गया, पता नहीं चला है, बालिका के पिता के रिपोर्ट पर अप.क्र. 239/18 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### सटोरियों पर गिरी पुलिस की गाज

रायगढ़। 31 अक्टूबर को थाना खरसिया में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक जी.पी. बंजारे व हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम ढिमानी में भाठापारा तालाब किनारे सट्टा कार्यवाही किया गया, मौके पर गिरजा शंकर पटेल को सट्टा-पट्टी लिखकर सट्टा खेलाते मिला जिसके कब्जे से 1. एक सट्टा-पट्टी 2. सट्टा की नगदी रकम 1050/- रूपये। 3. एक पेन जप्त किया गया है। आरोपी गिरजाशंकर पटेल पिता तिरथ राम पटेल उम्र 45 वर्ष के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 749/18 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट की कार्यवाही किया गया है ।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 दिसम्बर को

रायगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 8 दिसम्बर को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता हेतु सलाद व व्यंजन सज्जा प्रतियोगिता 3 नवंबर को

रायगढ़। मतदाता जागरूकता हेतु वोट अवश्य करेंगे थीम पर सलाद व व्यंजन सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन 3 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे जनपद पंचायत रायगढ़ में किया जाएगा। संबंधित व्यक्ति को सामग्री स्वयं लाना होगा। जिसमें प्रथम विजेता को 1000, द्वितीय को-500, तृतीय को-300 रुपए एवं सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

# सारंगढ़ बसपा में बवाल, आए बगावत के स्वर

## पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सहित सैकड़ों बसपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने दिया बहुजन समाज पार्टी से इस्तीफा

**(न्याय साक्षी ब्यूरो रिपोर्ट - नरेश चौहान सारंगढ़)**

कोसीर। 1 नवंबर को सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने ग्राम कोसिर में बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक आजाद व जिला बसपा रायगढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष टूकेश्वर सोनी व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शंकर जांगडे पूर्व विधानसभा प्रभारी कृष्णचंद्र भारद्वाज संतोष बौद्ध युवा अध्यक्ष सारंगढ़ श्रीमती मीना भारद्वाज पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश बंजारे उप सरपंच भाठा गांव लाभोराम लहरे होरीलाल रात्रे सेक्टर प्रभारी कन्हैया रात्रे सेक्टर प्रभारी फिरतू जांगड़े सेक्टर प्रभारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व वरिष्ठ पदाधिकारी रहे बसपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने वर्तमान बसपा प्रत्याशी अरविन्द खटकर के कार्य व्यवहार व प्रत्याशी





बनाए जाने पर एवं पार्टी चुनाव कार्य में भेदभाव करने से क्षुब्ध होकर बहुजन समाज पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दं दिया बताया गया है। कुल 235 कार्यकर्ताओं ने सारंगढ़ बसपा से अपना इस्तीफा दे दिया है।

कुछ कार्यकर्ताओं ने बसपा के राष्ट्रीय नीति व प्रदेश नेतृत्व पर भी नाराजगी व्यक्त की है। जनता कांग्रेस जोगी के साथ हुए गठबंधन से भी व्यापक नाराज़गी बतपाई जा रही है। कार्यकत्ताओं ने आरक्षण विरोधी, मनुवादियों को पार्टी में सम्मिलित करने कांशीराम के मिशन एवं आंदोलन को निराधार कर कथनी एवं करनी में अंतर का आरोप भी लगाया है। साथ ही कामदा जोल्हे जो कि, पूर्व विधायक सारंगढ़ रही हैं, को पार्टी से निकाले जाने से भी कार्यकर्त्ता बहुत दुखी व नाराज बताए गए हैं, उन्हें न्याय नहीं मिला व उनकी फ़रियाद को नजरअंदाज किया गया, जिससे भी नाराजगी बढ़ी बताया गया है। आसन्न विधानसभा चुनाव में बसपा के लिए बड़े पैमाने पर सारंगढ़ सहित पूरे प्रदेश में नुकसान होने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

वर्तमान में पूर्व बसपा विधानसभा प्रभारी व सतनामी समाज के अध्यक्ष शंकर जांगडे द्वारा भी इस्तीफा दिए जाने की खबरे आ रही हैं।

## त्यौहारी सीजन पर आपराधिक गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

रायगढ़। त्यौहार के मद्देनजर अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाए व उनकी धरपकड़ के लिए जिला पुलिस कप्तान दीपक झा के दिशा निर्देशन में शहर को तीसरी आंख (सीसी टीवी) के दायरे में लाने के लिए विशेष पहल की है। जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक व कोतवाली टीआई दल बल के साथ शहर का भ्रमण करते हुए त्यौहार पर होने वाली दिक्कतों का मौका मुआयना किये। ततपश्चात व्यापारियों से मेल-मिलाप कर दुकानों की सुरक्षा का जायजा लिया।



जिसमें सुरक्षागत कारणों से छोटे बड़े दुकान दारों को सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही वही कुछ दुकानदारों ने कैमरे लगाने की सहमति स्वयं टीआई को दी। इस तरह इस बार पुलिस शहर में होने वाली आपराधिक घटनाओं को रोकने व चुनाव में किसी प्रकार की कोई व्यवधान उतपन्न ना हो इसके लिए सुरक्षा व्यव्यस्था चुस्त दुरुस्त करने की कवायद में जुटी है।

सीएसपी व कोतवाली पुलिस के भृमण व व्यपारियों से चर्चा पर अलंकार होटल पहुंची जहां संचालक जसबीर टुटेजा ने कैमरे चालू होने की जानकारी देकर दो कैमरे और जल्द चालू कर सड़क की तरफ लगाने का आश्वासन टीआई को दिया।

# मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के चरित्र-चित्रण की मची धूम




## दूर-दूर से आए भक्तगण रसास्वादन करने

**(न्याय साक्षी ब्यूरो रिपोर्ट - नरेश चौहान)**

रायगढ़। रामलीला उत्तरी भारत मे परम्परागत रूप से खेले जाने वाला राम के चरित्र पर आधारित एक ऐसी सेवा है जो भगवान् राम के चरित्र को उजागर करने और समाज के बीच में मर्यादा पुरूषोत्तम होने की शिक्षा देने का बेहतर तरीका है। सामन्यतौर पर यह नाट्य प्रस्तुति होती है, जो प्रायः विजयदशमी के अवसर परजनमानस के बीच लाई जाती है। फसल के काटे जाने के समय के आस-पास ग्रामीण अंचल के लोग इसका आनेद लेते देखे जा सकते हैं।

वैसे तो रामायण एवं रामचरित मानस जैसे धर्मग्रंथो में रभवगान ाम के चरित्र को विशालता के साथ सुशोभित किया गया है, लेकिन, भारत के चहुँआरे फैले विशाल समुद्र से लेकर हिमाचल तक इस प्रख्यात रामलीला के प्रवर्तक कौन रहे हैं, यह प्रश्न सामान्य तौर पर आधुनिक युग के लोगों में उठता रहता है। भावुक भक्तों की दृष्टि में यह अनादि काल से चली आ रही परंपरा है। त्रेता युग के बारे में हम हमारी परंपरा से ही जान पाते हैं।

श्री रामचंद्र का वनागमन, अयोध्यावासियों का चौदह वर्ष वियोग, श्रीराम की बाल लीला, विवाह, राक्षसों का संहार, आदि इसमें समाहित होता है, जो कि अभिनय कर दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता रहा है। इस प्रकार की प्रस्तुति की शरूआत के बारे में अपुष्ट जानकारियों में कहा गया कि, इसके प्रवर्तक मेघा भगत थे, जो काशी के कतुआपुर महल्ले में स्थित फुटहे हनुमान के निकट के निवासी माने जाते हैं। बताया जाता है कि, एक बार पुरुषोत्तम रामचंद्र जी ने इन्हें स्वप्न में दर्शन देकर लीला करने का आदेश दिया ताकि भक्त जनों को भगवान की लीला के दर्शन हो सकें। इससे सत्प्रेरणा पाकर इन्होंने रामलीला संपन्न कराई। बताया जाता है कि, तत्परिणामस्वरूप ठीक भरत मिलाप के मंगल अवसर पर आराध्य देव ने अपनी झलक देकर इनकी कामना पूर्ण की। कुछ लोगों के मतानुसार रामलीला की अभिनय परंपरा के प्रतिष्ठापक गोस्वामी तुलसीदास हैं, इन्होंने हिंदी में जन मनोरंजनकारी नाटकों का अभाव पाकर इसका श्रीगणेश किया। इनकी प्रेरणा से अयोध्या और काशी के तुलसी घाट पर प्रथम बार रामलीला हुई थी। ठीक उसी का रूपांतरण सारंगढ से महज 8 किलोमीटर की दूरी लेन्ध्रा छोटे में पिछले 47 वर्षो श्रीराम जी बालकंठ की कहानी को नाटक का रूप देकर लोगों में श्रीराम जी के किये गए सत्कर्मों को बताया जाता है वचन की निष्ठा को समझाया जाता है आपको बता दें इस वर्ष भी बड़े उल्लासों से लेन्ध्रा वासियों ने शिवभजन श्रीवास के अध्यक्षता में अपना अपना किरदार निभाया। श्रीराम जी का किरदार रामकुमार पटेल द्वारा किया गया लक्ष्मन का किरदार केशव साहू, सीता का किरदार बबलू श्रीवास, मेघनाथ का किरदार राजकुमार सिदार, हनुमान जी का किरदार यशपाल साहू, राजा दशरथ का किरदार कृष्णो पटेल, लंकेश्वर पति राजा रावण का किरदार पद्मन साहू व मंदोदरी का किरदार हमेश साहू द्वारा किया गया।

आपको बता दें सभी कलाकारों ने अपने अपने किरदार में कोई कमी नहीं छोड़ी नव दिनों के लिए पूरे लेन्ध्रावासी श्रीराम की दुनिया अयोध्या में खो गए थे सभी कहानी का आनंद में लीन थे, पूरा खुशी का माहौल बना हुआ था सैकड़ों की संख्या में लोग देखने व सुनने को आते थे। जगन्नाथ साहू जी द्वारा गुरू व्यास का किरदार निभाया और सभी की अच्छी तैयारी कराई, पूरे क्षेत्र में श्रीराम जी की लीला का मधुर रसपान करने आसपास व दूर दराज से लोगों आए और आनेद लिया शिक्षा पाई।

# जुआ फड़ पर पुलिस की रेड

रायगढ़। थाना खरसिया में पदस्थ प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्री व हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम घघरा मुनि पान ठेला के पास बीच बस्ती सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर मौके पर जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़े, पकड़े गये जुआड़ियान 1. राजू राम राठौर पिता घनश्याम राठौर उम्र 53 वर्ष सा0 ठुसेकेला 2. भीषम राठौर पिता द्वारिका उम्र 32 वर्ष 3. मोतीलाल पांडेय पिता हरिशंकर पांडेय 4. छोटे लाल राठौर पिता जगेश्वर प्रसाद उम्र 46 वर्ष 5. कृष्ण कुमार केंवट पिता बिहारी केंवट उम्र 35 वर्ष 6. जयसिंह राठौर पिता विश्वनाथ राठौर उम्र 60 वर्ष 7. संतोष कुमार निषाद पिता ढलगू राम उम्र 32 वर्ष सभी साकिनान ग्राम घघरा के पास एवं फड से जुमला नगदी रकम 16,670/- रूपये, 52 पत्ती ताश, एक बोरी जप्त किया गया है । आरोपियों के विरूद्ध थाना खरसिया में अप. क्र. 750/18 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

वहीं चौकी जुटमिल में कार्यरत प्रधान आरक्षक विजय गोपाल एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर की रात्रि टाउन पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना पर कयाघाट चौक के पास स्टीट लाईट के नीचे तास पत्ती से जुआ खेलते हुए साहेब लाल जाटवर पिता राम सेवक जाटवर, सरधु बंजारे पिता सुखीराम बंजारे, नवीन खाण्डे पिता दशरथ खण्डे, मन्टु निषाद पिता लक्ष्मीनारायण निषाद, सौदागार डे पिता गोपाल डे, सुभाष मिश्रा पिता जनार्दन मिश्रा को पकड़े, जिनके पास एवं फड से रकम 3810 रूपये, 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली (चौकी जूटमिल) में अप.क्र. 1455/18 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की**

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

**CAREER SCHOOL**

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

**ADMISSION OPEN**

ENGLISH MEDIUM — For Nuresery to 10th



Topper Students Last Session

Tarun 90%, Yamini 98%, Shraddha 93%, Priyanka 96%, Prerna 84%, Hitendra 99%, Akanksha 90%, Geetanjali 99%, Chetna 94%, Arpita 93%, Arpita 98%, Rakesh 97%, Sejal 88%, Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92%, Prince 97%, Kusum 98%, Abhishek 99%, Aayush 93%, Prachi 97%, Tulika 96%, Pari 96%, Aradhya 97%, Ananya 99%, Ashish 96%, Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931